LATEST

# NEWS

## Election

**Date : 30th Jan. 2026**

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

दैनिक भास्कर
डूंगरपुर भास्कर 30-01-2026

# मतदाता सूची प्रकाशन के बाद राजनीतिक दलों के साथ बैठक, 25 फरवरी को फाइनल होगी

भास्कर संवाददाता | डूंगरपुर



डूंगरपुर. बैठक में उपस्थित अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के बाद राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी तरह की आपत्ति होने पर निश्चित समय अवधि में अपने स्तर पर जांच करते हुए दावे व आपत्तियां प्रस्तुत करें।

इस अवसर पर उन्हें सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध करवाई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेशचंद्र धाकड़ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की जानकारी दी। साथ ही बताया कि 7 फरवरी तक नाम जोड़ने, संशोधन करने, हटाने के लिए दावे आपत्तियां ली जाएंगी। इसके लिए सभी बूथ पर प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। उनके माध्यम से दावे आपत्तियों ली जा सकेंगी।

उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को इनका निस्तारण किया जाएगा। 21 फरवरी तक पूरक सूची बनेगी। इसके पश्चात 25 फरवरी को फाइनल सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन दीपिका कटारा, भाजपा प्रतिनिधि सतीश जैन, राष्ट्रीय कांग्रेस दल के बंशीलाल साद व निर्वाचन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की बैठक




**(अर्जेन्ट टाईम्स) डूंगरपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के बाद राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी तरह की आपत्ति होने पर निश्चित समय अवधि में अपने स्तर पर जांच करते हुए दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करें। इस अवसर पर उन्हें सॉफ्ट कॉपी भी उपलब्ध करवाई गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश चंद्र धाकड़ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि 7 फरवरी तक नाम जोड़ने, संशोधन करने, हटाने हेतु दावे आपत्तियां ली जाएंगी। इस हेतु सभी बूथ पर प्रगणकों की नियुक्ति की गई है, उनके माध्यम से दावें आपत्तियों ली जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को इनका निस्तारण किया जाएगा तथा 21 फरवरी तक पूरक सूची बनेगी। इसके पश्चात 25 फरवरी को फाइनल सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन दीपिका कटारा, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि सतीश जैन, राष्ट्रीय कांग्रेस दल के बंशीलाल साद एवं निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

दैनिक नवज्योति
Banswara Dungarpur - 30 Jan 2026 - Page 8



डूंगरपुर। मतदाता सूची प्रकाशन बैठक को संबोधित करते जिला कलक्टर सिंह। मयंक चौबीसा

# दावे एवं आपत्तियां सात तक और उनका निस्तारण 14 को

## मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन बैठक आयोजित

डूंगरपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अंकितकुमार सिंह की अध्यक्षता में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के बाद राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी तरह की आपत्ति होने पर निश्चित अवधि में अपने स्तर पर जांच कर दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करें।

इस अवसर पर उन्हें सॉफ्ट कॉपी भी उपलब्ध करवाई गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश चंद्र धाकड़ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, 7 फरवरी तक नाम जोड़ने, संशोधन करने, हटाने हेतु दावे आपत्तियां ली जाएंगी। इस हेतु सभी बूथ पर प्रगणकों की नियुक्ति की गई है उनके माध्यम से दावे आपत्तियां ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि, 14 फरवरी को इनका निस्तारण किया जाएगा तथा 21 फरवरी तक पूरक सूची बनेगी। इसके पश्चात 25 फरवरी को फाइनल सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन दीपिका कटारा, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि सतीश जैन, राष्ट्रीय कांग्रेस दल के बंशीलाल साद एवं निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रातःकाल
Udaipur Dak Edition | 2026-01-30 | Page- 10
pratahkal.epapers.in

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की बैठक

**डूंगरपुर( प्रातःकाल संवाददाता )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के बाद राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी तरह की आपत्ति होने पर निश्चित समय अवधि में अपने स्तर पर जांच करते हुए दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करें। इस अवसर पर उन्हें सॉफ्ट कॉपी भी उपलब्ध करवाई गई बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश चंद्र धाकड़ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के बारे में जानकारी दी। साथी उन्होंने बताया कि 7 फरवरी तक नाम जोड़ने, संशोधन करने, हटाने के लिए दावे आपत्तियां ली जाएंगी। इस हेतु सभी बूथ पर प्रगणकों की नियुक्ति की गई है उनके माध्यम से दावें आपत्तियों ली जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को इनका निस्तारण किया जाएगा तथा 21 फरवरी तक पूरक सूची बनेगी। इसके पश्चात 25 फरवरी को फाइनल सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन दीपिका कटारा, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि सतीश जैन, राष्ट्रीय कांग्रेस दल के बंशीलाल साद एवं निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

दैनिक नवज्योति
Banswara Dungarpur - 30 Jan 2026 - Page 8




# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निकाली जागरूकता पदयात्रा

डूंगरपुर। मेरा युवा भारत तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय व भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शनिवार को जिले में मतदाता जागरूकता हेतु पदयात्रा का आयोजन किया गया, यह पदयात्रा गांधी आश्रम से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई। साथ ही कार्यक्रम का उद्देश्य 'माय भारत-माय वोट' संदेश के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना तथा विशेष रूप से प्रथम बार मतदान करने वाले नए मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने मतदाता जागरूकता के नारे लगाए तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में शामिल नए मतदाताओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें मतदान को लेकर उत्साह एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित हुई। इस अवसर पर मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की बैठक

**आत्मा की ज्वाला डूंगरपुर।**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के बाद राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी तरह की आपत्ति होने पर निश्चित समय अवधि में अपने स्तर पर जांच करते हुए दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करें। इस अवसर पर उन्हें सॉफ्ट कॉपी भी उपलब्ध करवाई गई बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश चंद्र धाकड़ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के बारे में जानकारी दी। साथी उन्होंने बताया कि 7 फरवरी तक नाम जोडने, संशोधन करने, हटाने हेतु दावे आपत्तियां ली जाएंगी। इस हेतु सभी बूथ पर प्रगणकों की नियुक्ति की गई है उनके माध्यम से दावें आपत्तियों ली जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को इनका निस्तारण किया जाएगा तथा 21 फरवरी तक पूरक सूची बनेगी। इसके पश्चात 25 फरवरी को फाइनल सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन दीपिका कटारा, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि सतीश जैन, राष्ट्रीय कांग्रेस दल के बंशीलाल साद एवं निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

# मतदाता दिवस पर पदयात्रा का आयोजन

**डूंगरपुर ( प्रात:काल संवाददाता )।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को डूंगरपुर जिले में मतदाता जागरूकता हेतु पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा गांधी आश्रम से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई। मेरा भारत-मेरा वोट, संदेश के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना तथा विशेष रूप से प्रथम बार मतदान करने वाले नए मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। पदयात्रा के माध्यम से आमजन में मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों द्वारा मतदाता जागरूकता से जुड़े नारे लगाए गए तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में शामिल नए मतदाताओं को उपहार भेंट कर सम्मानित फेलिसिटेशन किया गया, जिससे उनमें मतदान को लेकर उत्साह एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित हुई। इस अवसर पर मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कक्षाओं में प्रवेशित नौनिहालों के     यादव ने किया।

# मतदान के महत्व का दिया संदेश

डूंगरपुर @ पत्रिका. राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा नया महादेव मंदिर से कलक्ट्रेट तक निकाली गई। पदयात्रा के माध्यम से प्रथम बार मतदान करने वाले नए मतदाताओं को जागरूक किया गया। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

# दैनिक नवज्योति

Kota City - 30 Jan 2026 - Page 13

अपना सभा किताब साथ नहा ला पात   ज्ञापितकिया।

# नव मतदाता जागरूकता सप्ताह के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**नवज्योति/कोटा।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा ईएलसी क्लब की ओर से आयोजित किये जा रहे नव मतदाता जागरूकता सप्ताह के तहत गुरुवार को पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न हुई। ईएलसी प्रभारी प्रोफेसर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता का विषय नो वॉटर बी लेफ्ट बिहाइंड विषय रखा गया। विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता सप्ताह के बारे में जानकारी देते हुए स्वीप कार्यक्रम के एंबेसेडर कीर्तांश ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश देने वाले नव विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में एप के माध्यम से भरने की जानकारी दी गयी। सुबह 11 बजे से आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में तनुश्री वर्मा प्रथम स्थान पर रही। प्रतियोगिता में दिव्यांश सैनी, अनुज नागर ,यश राव, कनिश्का मीणा , ओशीन सिंह, अनुश्री हाड़ा, ईशान राजानी, सोनाक्षी शर्मा और तराना चौहान ने भाग लिया।